केंद्रीय मंत्री के मंच पर बाहरी जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा, स्थानीय नदारद

मंच न मिलने पर महिला जनपद सदस्य ने जताई नाराजगी, कहा यह अपमान,पति बोले ऐसी अनदेखी होगी तो छोड़ देंगे पार्टी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले की ग्राम पंचायत कजराई में आयोजित नवीन ग्राम पंचायत भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का मामला सामने आया है, जिसके चलते स्थानीय महिला जनपद सदस्य ने मंच व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए इसे अपना अपमान बताया है। तो वहीं उनके पति द्वारा इस तरह के सामूहिक कार्यक्रम महिला जनप्रतिनिधि की अनदेखी किये जाने पर पार्टी छोड़ने की बात कहीं है। गौर करने वाली बात ये है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिलाओं को समानता का अधिकार दिये जाने की बात कहीं जाती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में इस तरह की गई उनकी अनदेखी पार्टी के लिए नुकसान दाई साबित हो सकती है।

दरअसल शुक्रवार को ग्राम पंचायत कजराई में केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा ग्राम पंचायत के भवन उद्घाटन किया जाना था, जिसके लिए बड़ा मंच सजाया गया, जिस पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, लेकिन इस मंच से स्थानीय जनप्रतिनिधि नदारद रहे। वहीं कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची वार्ड क्रमांक 21 की जनपद सदस्य कल्पना यादव को न तो मंच पर स्थान मिला और न ही उन्हें मंच से संबोधित किया गया, जिससे वह व्यथित होकर कार्यक्रम को बीच में छोड़कर अपने घर चली गई, क्षेत्र के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। तो वहीं लोग पार्टी में स्थानीय स्तर पर गुटबाजी की बात कहते हुए बड़े नेताओं द्वारा छोटे कार्यकर्ताओ को नीचा दिखाने की बात कहते हुए नजर आए।

बाहर के लोगों को दिया सम्मान, स्थानीय प्रतिनिधि को भूले

अशोकनगर जनपद पंचायत की वार्ड नंबर 21 से जनपद सदस्य महिला जनप्रतिनिधि कल्पना यादव के पति, भाजपा किसान मोर्चा के ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष राजपाल यादव ने कहा कि वह तीन पीढ़ी से भाजपा के कट्टर कार्यकर्ता हैं, और जिस जगह श्री सिंधिया के कार्यक्रम का आयोजन हो रहा था वह उनका क्षेत्र है, उनकी पत्नि लगभग 5000 लोगों का वह प्रतिनिधित्व करती हैं। उनके बीच मंच पर उन सभी नेताओं के नाम का

संबोधन कर सम्मान किया गया, जो क्षेत्र से बाहर के थे, लेकिन क्षेत्र की महिला जनपद प्रतिनिधि का मंच से ना तो नाम बोला गया ना सम्मान दिया गया। इससे उनकी पत्नि काफी व्यथित है। वहीं इस तरह की भूल की शिकायत उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व और मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री सहित श्री सिंधिया से पत्र लिखकर किए जाने की बात कही है। तो वहीं उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित कार्यक्रमों में ही उनकी इस तरह अनदेखी की जाएगी, तो वहीं पार्टी को छोड़ देंगे।

मेरा पत्र भी नही दिया सिंधिया जी को:

भाजपा किसान मोर्चा के ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष राजपाल यादव ने कहा कि क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र ना होने की वजह से लाइट की बड़ी परेशानी है, सांसद श्री सिंधिया के शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में भी जनरेटर का उपयोग किया गया। मैंने क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र बनवाने के लिए श्री सिंधिया को पत्र लिखा, जिसके चलते मैने सत्येंद्र कलावत को यह कहते हुए दे दिया कि मैं छोटा कार्यकर्ता हूं मंच पर नहीं पहुंच पाउंगा आप श्री सिंधिया को दे देना, लेकिन उन्होंने मेरा पत्र अपने पास ही रख लिया और श्री सिंधिया को नहीं दिया, मैंने उनसे पत्र वापस मांगा, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। जबकि मांग मेरे द्वारा की गई थी।

नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का किया लोकार्पण

अशोकनगर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तकर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले के भ्रमण के दूसरे दिवस विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर की ग्राम कजराई पहुंचे। ग्राम कजराई में 43 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण कर ग्राम पंचायत वासियों को समर्पित किया। इसी प्रकार ग्राम कजराई स्थित अशोकनगर पिपरई मार्ग के 13 / 10 में ओर नदी पर 7 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण किया। इस पुल की कुल लंबाई 120 मीटर है।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्रामीण विकास की अवधारण को साकार करते हुए ग्राम पंचायत कजराई द्वारा सर्वसुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवन स्मार्ट पंचायत भवन में बनाया गया है। जिससें ग्राम पंचायत के निवासियों को फ्री वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही निगरानी हेतु सीसीटीवी और शासकीय कार्यो के संपादन हेतु डिजिटल मीटिंग हॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कजराई भवन जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल के रूप में प्रस्तुत है। उन्होंने कहा कि ग्राम कजराई स्थित ओर नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण से आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा। इस पुल के बन जाने से मुंगावली, पिपरई से अशोकनगर जाने में नागरिकों को निर्बाध यातायात उपलब्ध होगा। वर्षाकाल के दौरान यह मार्ग बंद हो जाता था,जिससे नागरिकों को काफी परेशानी होती है। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, लड्डूराम कोरी,सरपंच कल्पना कलावत सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर में

हनुमान जन्मोत्सव पर विहिप का सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

अशोकनगर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा हनुमानगढ़ प्रखंड द्वारा हनुमानगढ़ वर्तमान ईसागढ़ में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर संपर्क आयाम डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा जिस प्रकार से हनुमान जी ने अपना जीवन समर्पित किया है, उसी प्रकार युवाओं को राष्ट्र समाज के लिए समर्पित होकर जीना चाहिए। आज हमारे देश में राष्ट्र धर्म विरोधी शक्तियां समाज को बांट रही हैं, उनसे हमें हनुमान जी जैसी बुद्धि विवेक से कम लेकर समाज की रक्षा करना है, किसी प्रकार के आवेश में आकर हमको कोई भी गलत कदम नहीं उठाना है, हमें कानून की रक्षा करना है कानून कभी हाथ में नहीं लेना है, युवाओं को जोश के साथ राष्ट्र का काम करना है और उसके साथ भी रहना है।

निकाली शोभायात्रा:

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रखंड हनुमान (ईसागढ़)में एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित किन्नर समाज के लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा से पूर्व चौखट्टा श्री हनुमान मंदिर पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। उसके बाद शोभायात्रा प्रारंभ की जो चुंगी नाका, कदवाया रोड से बापिस चुंगी नाका होते हुए बस स्टैंड तालाब रोड होते हुए पुरानी कचहरी हायर सेकेंडरी स्कूल खचा मोहल्ला होते हुए बस स्टैंड संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर मंदिर पहुंची। जहां भगवान श्री हनुमान जी की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिनेश जैन, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमारचौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा एवं किन्नर समाज की जगत गुरु काजल ठाकुर, किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर एवं चंदेरी की गादीपति भावना मां (मौसी)जानवी मौसी एवं समस्त किन्नर समाज मौजूद रहा।

केन्द्रीय मंत्री के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद मुंगावली में कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में नगर परिषद मुंगावली में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा 245 लाख रूपये की लागत के 13 कार्यो का लोकार्पण एवं 1179.24 लाख रूपये के 65 कार्यो का शिलान्या स किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि जिंदगी के प्रथम चरण से आखिरी चरण तक मुंगावली के विकास के लिए तत्पर रहूंगा। जब भी मुंगावली आता हूं तो खाली हाथ नहीं आता हूं। आज मुंगावली क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए की विकास कार्यों की सौगात लेकर आया हूं। मुंगावली क्षेत्र में सड़क, रेल,अधोसंरचना के कार्य कराए जा रहे हैं।

समस्या का समाधान करना जनसुनवाई का उद्देश्य : सिंधिया

पिपरई में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की जनसुनवाई आयोजित, समस्याओं का हुआ निराकरण

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तेर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिले के प्रवास के दौरान नगर परिषद पिपरई पहुंचे। नगर परिषद पिपरई में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सहभागिता कर नागरिकों से वन टू वन चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुना। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं एवं शिकायतों के प्राप्त आवेदन के संबंध में हर संभव निराकरण किये जाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए।

इस अवसर पर केन्द्रींय मंत्री श्री सिंधिया ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का हर संभव समाधान

कराना इस जनसुनवाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में आमजन की समस्याओं का त्वरित रूप निराकरण हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कायक्रम में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराया जा रहा है।

जनसुनवाई कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया को नागरिकों ने प्रधानमंत्री आवास, बीपीएल कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, संबल योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि, नामांतरण, बटवारा ,सीमांकन एवं अन्य समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं निराकरण के निर्देश मौके पर ही संबंधित अधिकारी को दिए गए। साथ ही नागरिकों की समस्याओं के निराकरण होने पर स्वीकृति पत्रों का वितरण मौके पर किया गया।

इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेन चौराहे पर यातायात चौकी स्थापित

समाजसेवियों के सहयोग से बनी चौकी

विगत दिवस हुआ चौकी का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा की सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत सार्थक पहल रंग लाई है, जिसके चलते शहर के समाजसेवी यातायात व्यवस्था में सहयोगी बने है। इसके लिए समाजेवियों द्वारा एक अस्थाई पुलिस चौकी का निर्माण कराया, जिसका शुभारंभ विगत दिवस देखने को मिला।

दरअसल जिले के समाजसेवी एवं लायंस क्लब के सदस्य रवि कुमार एवं वैशाली सलूजा द्वारा शहर के व्यस्ततम सेन चैराहा पर यातायात ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए एक अस्थाई यातायात पुलिस चौकी का निर्माण कर उसे स्थापित किया गया है। यह चौकी

पुलिसकर्मियों को तेज धूप एवं वर्षा से सुरक्षा प्रदान करेगी, जिससे वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक दक्षता एवं समर्पण के साथ कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि वैशाली सलूजा द्वारा पूर्व में इस संबंध में सहयोग की इच्छा व्यक्त की गई थी, जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत सहर्ष स्वीकार किया गया। परिणामस्वरूप यह जनहितकारी पहल मूर्त रूप ले सकी। समाजसेवियों द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रमों में भी निरंतर सक्रिय सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जो समाज में जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करता है। पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनसहयोग से न केवल यातायात व्यवस्था बल्कि कानून व्यवस्था एवं अन्य जनसेवा कार्यों को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वह आगे आकर ऐसे प्रयासों में भागीदारी निभाएं, जिससे एक सुरक्षित हो सके।

पुलिस ने दो बालिकाओं को किया दस्तयाब

पुलिस द्वारा चलाया जा रहा मुस्कान अभियान

सेहराई और चंदेरी पुलिस को मिली कामयाबी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। गुमशुदा बालक-बालिकाओं की खोज एवं उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने उद्देश्य से पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते जिले के दो थानों सेहराई एवं चंदेरी में नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

दरअसल 1 अप्रेल को फरियादी द्वारा थाना चंदेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त सूचना पर थाना चंदेरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। तो वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव को बालिका की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। जिसके चलते थाना प्रभारी चंदेरी द्वारा एक विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के आधार पर संभावित स्थानों पर तलाश की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप गुरूवार को को नाबालिग बालिका थाना चंदेरी में उपस्थित हुई, जिसको मौके पर विधिवत दस्तयाब किया गया। बालिका ने अपने कथन में उसके साथ कोई घटना नहीं घटित होना बताया, दस्तयाब बालिका को वनस्टॉप भेजा गया। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदेरी निरीक्षक प्रशांत यादव, उपनिरीक्षक जूली रघुवंशी, प्रधान आरक्षक उम्मेद सिंह, बहादुर सिंह, हरीश भार्गव, आरक्षक विष्णु प्रजापति, आनंद राजपूत एवं महिला आरक्षक रौली राजा चौहान की विशेष भूमिका रही।

सेहराई पुलिस को भी मिली कामयाबी:

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च नाबालिग के पिता ने ग्राम अर्रोन निवासी ने थाना सेहराई पहुंचकर अपनी नाबालिक लडकी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर थाना सेहराई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर थाना प्रभारी सेहराई द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्सेन, अर्रोन तलैया मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में गहन पूछताछ कर संभावित स्थानों पर तलाश की गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। सतत प्रयासों के फलस्वरूप नाबालिग बालिका को सेहराई क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में थाना पुलिस की भूमिका रहीं।

धर्मसभा

सुभाष गंज में मुनिश्री ने धर्मसभा को किया संबोधित

आज मेरे मन में अंकुर फूटा है कि अपने मन को छल कपट से दूर करूं

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आप अपने भाव को तो प्रकट करो आप एक कदम तो बढ़ाओ एक साथ आप कुछ भी नहीं छोड़ सकते, इसके लिए कुछ तो करना पड़ेगा ,आप भगवान से कहें कि जन्म मृत्यु से हम ऊपर उठे ऐसा करने के लिए आप देवताओं को भेज दो, देवताओं को भेज दो कि जब भी में संसार में उलझने के लिए कुछ करू तो देवता मुझे रोक दें, मुझे कुछ दिव्य वचन सुनने को मिले कि मैं इस संसारी सुख को छोड़कर तेरी शरण में ही अपने मन लगा सकूं। मैं अपने मन को क्षमावान, दयालु, करुणावान बनकर अपने मन को शांत कोमल सरल स्वभाव को बनाऊंगा अपने मन वचन काय को सुन्दर रूप में

प्रस्तुत करना चाहत हूं उक्त आशय के उद्गार संत निवास सुभाषगंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर महाराज ने व्यक्त किये।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने अपनी भूख को इतना महत्व देता हूं कि जहां खाना मिला भक्षक अभक्ष्य जो भी मिला सब खा लिया, मुझे इतना भी विवेक नहीं है। पापी दुराचारी असभ्य लोगों को पसंद आ जाऊ इसके लिए मैंने कुछ भी कहीं भी खाना पीना शुरू कर दिया। दुनिया की हर चीज मैं अपने साथ रखता हूं, लेकिन एक छोटा सा कपड़ा नहीं रखा, जिससे जल को छानकर नहीं पिया, अपवित्र जल जीव जन्तुओं से रहित जल की खोज की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया। मन पसंद व्यंजन को खोजता रहता हूं ये तो अच्छा है कि साधु संत ने हमारे लिए कुछ अनुशासन सिखाया है। इस संसार में क्या-क्या हो रहा है सबसे पहले तो दुनिया की किचिन ही किच-किच से भर गई, वो तो ये साधु संतों की मेहर बानी है कि आज मेरा रसोईघर कुछ ठीक है मैंने प्रभु आज्ञा को जान कर भी अपने मन कि ही माना।

थूवोनजी में मुनि संघ व आर्यिका संघ का एक साथ हुआ प्रवेश हुआ:

जिले के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज ससंघ एवं आचार्य विराग सागर महाराज की प्रथम शिष्या गणनी आर्यिका विशाश्री माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश हुआ। जहां संत संघ का तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू सहित अन्य प्रमुख जनो ने संघ को श्री फल भेंट किये। इस दौरान भक्तो के साथ आचार्य संघ ने तीर्थ क्षेत्र की वंदना की।

शाढ़ौरा में निकाली पालकी यात्रा, शहरवासी हुए शामिल

नवभारत न्यूज

शाढौरा। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी खडिया मोहल्ला श्री पंचदशनाम प्राचीन बाल हनुमानजी मंदिर अखाड़ा प्रांगण पर भव्य पालकी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में भव्य पालकी की यात्रा निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पहुंची, जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया। इस पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।